ज्ञान शांति मैत्री

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

**जनसंपर्क कार्यालय**

**PUBLIC RELATIONS OFFICE**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

# हिंदी विश्वविद्यालय में वंदे मातरम् के गायन का हुआ आयोजन
# वर्ष भर होंगी विविध गतिविधियॉं

वर्धा : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय की एनसीसी इकाई द्वारा 7 नवम्बर 2025 को वंदे मातरम् राष्ट्रीय गीत के 150 वें वर्ष के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन मेजर ध्यानचंद क्रीड़ा स्थल पर किया गया।

कार्यक्रम के तहत एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम्' गीत का गायन किया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट अनिकेत अनिल आंबेकर (ए.एन.ओ.,एनसीसी),परेड प्रशिक्षक आकाश मंडले तथा



सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रीति खोड़े सहित बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर लेफ्टिनेंट आंबेकर ने संबोधित करते हुए कहा कि वंदे मातरम् गीत भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की प्रेरक धारा रहा है। यह गीत राष्ट्रप्रेम की भावना को सशक्त बनाता है। कार्यक्रम का संचालन एनसीसी इकाई द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं कैडेट्स में राष्ट्र भावना, अनुशासन और सांस्कृतिक गौरव की चेतना को बढ़ावा देना था। एनसीसी कैडेट्स की सक्रिय सहभागिता से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

भारत सरकार ने वंदे मातरम् के 150वें वर्ष के अवसर पर 7 नवंबर 2025 से 7 नवंबर 2026 तक वर्ष भर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करने का निर्णय किया है, जिससे वंदे मातरम् गीत के रचयिता बंकिमचंद्र चटर्जी के योगदान को उजागर करने और इस गीत में निहित एकता, बलिदान और मातृभूमि के प्रति प्रेम के मूल्यों की पुनः पुष्टि करने का अवसर मिल सकें। भारत सरकार ने यह स्मरण समारोह चार चरणों में आयोजित करने का आह्वान किया है। इसके अंतर्गत पहला चरण 7-14 नवंबर, द्वितीय चरण 19-26 जनवरी 2026, तृतीय चरण 7-15 अगस्त और चतुर्थ चरण 1-7 नवंबर 2026 को आयोजित किया जाएगा। इन चरणों में विद्यार्थियों के लिए वंदे मातरम् पर राष्ट्रीय प्रश्न मंजुषा, भाषण, पोस्टर प्रतियोगिता, संगीत कार्यक्रम, प्रदर्शनी आदि गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

**पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत**

**ई-मेल/E-mail:** pro.mgahv@hindivishwa.ac.in **वेबसाइट/Website:** **www.hindivishwa.org**

**दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305**

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
जनसंपर्क कार्यालय
PUBLIC RELATIONS OFFICE

# हिंदी विश्वविद्यालयात वंदे मातरम गीत गायनाचे आयोजन

## वर्षभर होणार विविध उपक्रम

वर्धा : महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयाच्या एनसीसी युनिटच्या वतीने 7 नोव्हेंबर रोजी वंदे मातरम् राष्ट्रीय गीताच्या 150 व्या वर्षानिमित्त एक विशेष कार्यक्रम मेजर ध्यानचंद क्रीडा स्थळावर आयोजित करण्यात आला. कार्यक्रमादरम्यान एनसीसी कॅडेट्सनी उत्साहाने सामूहिकरित्या 'वंदे मातरम्' गीताचं गायन केलं. या उपक्रमाला लेफ्टिनंट अनिकेत अनिल आंबेकर (ए.एन.ओ., एनसीसी), परेड प्रशिक्षक आकाश मंडले आणि सहाय्यक प्राध्यापक डॉ. प्रीती खोड़े यांसह मोठ्या संख्येने एनसीसी कॅडेट्स उपस्थित होते. या वेळी लेफ्टिनंट आंबेकर म्हणाले की वंदे मातरम् गीत भारतीय स्वातंत्र्य चळवळीची प्रेरणादायी धारा राहिली आहे. हे गीत राष्ट्राभिमानाची भावना बळकट करतं. कार्यक्रमाचं संचालन एनसीसी युनिटने केलं. या उपक्रमाचा उद्देश विद्यार्थ्यांमध्ये आणि कॅडेट्समध्ये राष्ट्रप्रेम, शिस्त आणि सांस्कृतिक अभिमानाची जागरूकता वाढवणं हा होता. एनसीसी कॅडेट्सच्या सक्रिय सहभागामुळे कार्यक्रम यशस्वीपणे पार पडला.

भारत सरकारने वंदे मातरम गीताच्या 150व्या वर्षानिमित्त 7 नोव्हेंबर 2025 पासून 7 नोव्हेंबर 2026 पर्यंत वर्षभर विविध उपक्रमांचे आयोजन करण्याचा निर्णय घेतला आहे, ज्यामुळे वंदे मातरम् गीताचे रचयिता बंकिमचंद्र चटर्जी यांच्या योगदानाला अधोरेखित करण्याचा आणि या गीतात निहित एकता, बलिदान आणि मातृभूमीवरील प्रेम या मूल्यांचा जागर होऊ शकेल. भारत सरकारने हा स्मरणोत्सर चार टप्प्यांमध्ये आयोजित करण्याचे आवाहन केले आहे. त्यानुसार पहिला टप्पा 7-14 नोव्हेंबर, दुसरा टप्पा 19-26 जानेवारी 2026, तिसरा टप्पा 7-15 ऑगस्ट आणि चौथा टप्पा 1-7 नोव्हेंबर 2026 रोजी साजरा केला जाईल. या टप्प्यांत विद्यार्थ्यांसाठी वंदे मातरम गीतावर राष्ट्रीय प्रश्नमंजुषा, भाषण, पोस्टर स्पर्धा, संगीत कार्यक्रम, प्रदर्शन इत्यादी उपक्रमांचे आयोजन केले जाईल.

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: pro.mgahv@hindivishwa.ac.in वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305